संख्या:149/2024/27बीपी/35-1-2024/35-1099/44/2024

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
लघु सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक:21 अगस्त,2024

विषय: बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लघु सिंचाई की परियोजना हेतु धनराशि अवमुक्त करने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बुन्देलखण्ड पैकेज के अधीन वित्तीय वर्ष 2018-19 में शासनादेश संख्या-29/2018/100बीपी/35-1-2018, दिनांक 06 नवम्बर 2018 द्वारा लघु सिंचाई की परियोजना से सम्बन्धित निम्नलिखित 03 परियोजनाओं की रू. 33603.00 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 5240.85 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा मात्र रू. 1934.12 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वित्तीय वर्ष 2019-20 में शासनादेश संख्या-10/2019/50बीपी/35-1-2019, दिनांक 13 मई, 2019 द्वारा रू. 4415.00 लाख तथा शासनादेश संख्या-17/2019/100बीपी/35-1-2019, दिनांक 13 सितम्बर, 2019 द्वारा रू. 23947.00 लाख अर्थात कुल रू. 28362.00 लाख (रू. 4415.00 लाख + रू. 23947.00 लाख=रू. 28362.00 लाख) की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 6063.09 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वित्तीय वर्ष 2020-21 में शासनादेश संख्या-03/2021/15बीपी/35-1-2021, दिनांक 27 जनवरी, 2021 द्वारा रू. 8050.31 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 7418.97 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वित्तीय वर्ष 2021-22 में शासनादेश संख्या-12/2021/72बीपी/35-1-2021, दिनांक 02 अगस्त, 2021 द्वारा रू. 13046.66 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा रू. 3665.97 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा शेष धनराशि समर्पित कर दी गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में शासनादेश संख्या-05/2022/36बीपी/35-1-2022/001-35-1099/25/2021, दिनांक 07 जुलाई, 2022 द्वारा रू0 7946.44 लाख तथा शासनादेश संख्या-03/2023/10बीपी/35-1-2023/001-35-1099/25/2021, दिनांक 16 मार्च, 2023 द्वारा जीएसटी की दरों में वृद्धि के दृष्टिगत रू. 134.39 लाख अर्थात वित्तीय 2022-23 में कुल रू0 8080.83 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा मार्च, 2023 तक रू0 5640.23 लाख का व्यय किया गया तथा शेष धनराशि समर्पित की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासनादेश सं0-115/2024/10बीपी/35-1-2024/35-1099/44/2024 दिनांक 31 मार्च, 2024 द्वारा रू. 93.90 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी, जिसका पूर्ण उपयोग विभाग द्वारा किया गया है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 तक प्रश्नगत परियोजनाओं की अनुमोदित लागत रू. 33603.00 लाख के सापेक्ष कुल मिलाकर रू. 24816.28 लाख का व्यय हुआ है तथा रू. 8786.72 लाख की धनराशि अवशेष बची। प्रशासकीय विभाग के पत्र सं0-423/76-4-2024 दिनांक 27 मई, 2024 द्वारा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

लघु सिंचाई की प्रश्नगत परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यय किये जाने योग्य रू0 **1620.06** लाख धनराशि की मांग की गई है।

एतद्द्वारा परियोजनाओं की अनुमोदित लागत रू. 33603.00 लाख के सापेक्ष पूर्व में व्यय धनराशि रू. 24816.28 लाख को समायोजित करते हुए परियोजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय मांग के अनुरूप रू. **1620.06** लाख (रूपये सोलह करोड़ बीस लाख छः हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	परियोजना का नाम	**अनुमोदित लागत**	**माह मार्च, 2024 तक व्यय धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1	चेकडैम का निर्माण	10054.00	8167.16	0.00
2	तालाबों का आधुनिकीकरण	13020.00	9036.87	0.00
3	नये डग/ ब्लास्टवेल का निर्माण	10529.00	7612.25	1620.06
	योग	**33603.00**	**24816.28**	**1620.06**

1. सन्दर्भित शासनादेशों दिनांक 06 नवम्बर, 2018, दिनांक 13 मई, 2019, दिनांक 13 सितम्बर, 2019, दिनांक 27 जनवरी, 2021, दिनांक 02 अगस्त, 2021, दिनांक 07 जुलाई, 2022 तथा दिनांक 16 मार्च, 2023 एवं दिनांक 31 मार्च, 2024 की अन्य शर्तें यथावत लागू रहेंगी।
2. प्रशा0 विभाग द्वारा योजना के सम्बन्ध में पूर्व निर्गत दिशा-निर्देशों/भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. प्रशा0 विभाग द्वारा धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा, जिन मदों के लिए वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा रही है।
4. स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करके वास्तविक आवश्यकता के आधार पर कोषागार से किया जायेगा और धनराशि को किसी भी दशा में बैंक अथवा पोस्ट आफिस में नहीं रखा जायेगा।
5. प्रश्नगत कार्यों हेतु उपलब्ध हुई इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से विलम्बतम 31 मार्च, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे उक्त दिनांक से पूर्व समर्पित किया जायेगा।
6. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार, उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2025 तक अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
7. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय/ प्रगति सम्बन्धी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति (लघु सिंचाई) विभाग का होगा। तदनुसार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की पूर्व निर्धारित प्रारूप पर सूचना प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नियोजन विभाग को प्रेषित की जायेगी।
8. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत लेखानुदान के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक: 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 16,20,06,000/- (रूपये सोलह करोड़ बीस लाख छः हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 040 **लेखाशीर्षक** 4575028000420 नये डगवेल का निर्माण (के.100/रा.0-के.) **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न अशासकीय संख्या: E-5-14-X-2024-25- दिनांक 16 अगस्त, 2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव

संख्या:149/2024/27बीपी(1)/35-1-2024/35-1099/44/2024 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
6. मण्डलायुक्त, झांसी/चित्रकूट धाम।
7. जिलाधिकारी, झांसी/ललितपुर/महोबा।
8. मुख्य विकास अधिकारी, झांसी/ललितपुर/महोबा।
9. कोषाधिकारी, झांसी/ललितपुर/महोबा।
10. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
11. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, झांसी/ललितपुर/महोबा।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।